एक नजर में

किसान ने फसल मुआवजे की मांग की

नवभारत न्यूज, राजगढ़ 24 फरवरी, का. जनसुनवाई में ग्राम झाड़माऊ निवासी कन्हैयालाल राठौर ने बताया कि आवेदक की पुरी फसल आकस्मिक प्रकोप के कारण नष्टि हो गई है. आवेदक की फसल खराब हो जाने पर सहायता राशि नहीं मिली. जिससे आवेदक को काफी परेशानी हो रही है. कलेक्टर द्वारा तहसीलदार जीरापुर को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया.

डूब क्षेत्र में गई जमीन, नहीं मिला मुआवजा

राजगढ़ 24 फरवरी, का. ग्राम झूमका निवासी करण सिंह ने बताया कि आवेदक की भूमि मोहनपुरा डूब क्षेत्र में चली गई है. आवेदक को उक्तम डूब क्षेत्र की भूमि का मुआवजा राशि नहीं मिली है. कलेक्टर द्वारा ईई मोहनपुरा को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया.

पीएम आवास की गुहार लगाई

राजगढ़ 24 फरवरी, का. ग्राम भोजपुर निवासी रामलाल ने बताया कि आवेदक बहुत गरीब है. आवेदक को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है. जिससे आवेदक को काफी समस्याकओं का सामना करना पड़ रहा है. कलेक्टर द्वारा सीईओ जनपद खिलचीपुर को आवश्याक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया.

नहीं मिली किसान सम्मान निधि

राजगढ़ 24 फरवरी, का. ग्राम मुल्ताईनपुरा निवासी किशन पुष्पपद ने बताया कि आवेदक को प्रधानमंत्री किसान सम्मा न निधि का लाभ नहीं मिल पा रहा है. कलेक्टकर द्वारा तहसीलदार ब्याधवरा को आवश्यगक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया. इस अवसर पर 70 आवेदन प्राप्त हुए.

ऑफलाइन मेगा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव 26 को

राजगढ़ 24 फरवरी, का. शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालयमें देश की अग्रणी औद्योगिक कंपनी एसआरएफ लिमिटेड द्वारा एक दिवसीय ऑफलाइन मेगा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 26 फरवरी को प्रातः 9.30 बजे से किया जाएगा. इस भर्ती अभियान में प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों के लगभग 400 छात्र-छात्राओं के सम्मिलित होने की संभावना है. इस प्लेसमेंट ड्राइव में डिप्लोमा/बी.ई./बी.टेक (इंस्ट्रूमेंटेशन, इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल, केमिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स) के ऐसे विद्यार्थी भाग ले सकेंगे जो वर्ष 2026 में उत्तीर्ण होंगे एवं वर्ष 2025 के पास आउट. जिसमें वेतनमान बी.ई./बी.टेक 25 हजार रूपये प्रतिमाह, डिप्लोमा 20 हजार रूपये प्रतिमाह रहेगा. एसआरएफ लिमिटेड भारत की एक प्रतिष्ठित बहुराष्ट्रीय कंपनी है, जिसकी स्थापना वर्ष 1970 में हुई थी. कंपनी केमिकल्स, फ्लोरोकेमिकल्स, स्पेशलिटी केमिकल्स, पैकेजिंग फिल्म्स एवं टेक्निकल टेक्सटाइल्स के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर कार्यरत है.

जिले के 11 बच्चों का होगा फ्री बोनमेरो ट्रांसप्लांट

संवदेना : इंदौर के एमवाय में भेजेंगे, जिला कलेक्टर ने शामिल कराया जिले का नाम

कलेक्टर डॉ. मिश्रा के प्रयास से 11 थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को मिलेगा नि:शुल्क बोन मेरो ट्रांसप्लांट का अवसर

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 24 फरवरी, का. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मप्र भोपाल में रक्त विकार थेलेसमिया से ग्रसित पात्र मरीजो को थेलेसमिया बाल सेवा योजना अन्तर्गत मेदांता फाउण्डेशन के सहयोग से नि:शुल्क बोन मेरो ट्रांसप्लांट (बीएमटी) सुविधा प्रदान किये जाने हेतु इन्दौर एवं उज्जैन संभाग के थेलेसमिया ग्रसित पात्र मरीजो को नि:शुल्क बोन मेरो ट्रांसप्लांट कराये जाने हेतु चिन्हित किया गया था. जिसमें राजगढ़ जिले का नाम शामिल नहीं था.

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा प्रयास कर राजगढ़ जिले के थेलेसमिया ग्रसित पात्र मरीजो को नि:शुल्क बोन मेरो ट्रांसप्लांट सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन म.प्र. भोपाल को पत्राचार किया गया. जिसके फलस्वरूप राजगढ़ जिले के थेलेसमिया ग्रसित मरीजो को नि:शुल्क बोन मेरो ट्रांसप्लांट (थेलेसमिया का स्थाई उपचार) हेतु नार्मांकित किया गया. कलेक्टर डॉ. मिश्रा के निर्देशन में सिविल सर्जन डॉ. रजनीश शर्मा द्वारा राजगढ़ जिले में चिन्हित थेलेसमिया ग्रसित मरीजो की सूची तैयार कर 23 फरवरी को जिला चिकित्सालय राजगढ़ के शिशु वार्ड में कुल 11 थेलेसमिया पीड़ित बच्चों को भर्ती कराया गया. जिला रेडक्रास सोसायटी द्वारा नि:शुल्क बस सुविधा से थेलेसमिया मरीजों को चिन्हित कर इन्दौर के मैदांता सोसायटी द्वारा एम. वॉय हॉस्पिटल के आडिटोरियम में आयोजित नि:शुल्क बोन मेरो ट्रांसप्लांट हेतु आवश्यक एचएलए टाईपिंग जांच शिविर में भेजा गया.

जानिए क्या है थैलेसीमिया

थैलेसीमिया एक आनुवंशिक रक्त विकार है जो हीमोग्लोबिनके उत्पादन को कम करने के कारण होता है, जिससे ऑक्सीजन का अपर्याप्त परिवहन, गंभीर एनीमिया और लाल रक्त कोशिकाओं का विनाश होता है. यह हल्का से लेकर जानलेवा तक हो सकता है. इसके लक्षणों में अत्यधिक थकान, पीली त्वचा, पीलिया और बढ़े हुए अंग शामिल हैं, जिसके लिए अक्सर रक्त आधान और आयरन कीलेशन जैसे आजीवन उपचार की आवश्यकता होती है.

50 लाख तक होता है ईलाज का खर्च

जिला चिकित्सालय राजगढ़ में कुल 11 थेलेसमिया पीड़ित बच्चे एवं उनके डोनर, परिजन पहुंचे. जिनमें से 9 बच्चे एवं उनके परिजनों कुल 40 मरीज एवं परिजनों को नि:शुल्क बस सुविधा के माध्यम से मैदांता हॉस्पिटल इन्दौर भेजा गया एवं शेष 2 बच्चे एवं उनके परिजन स्वयं के वाहन से मैदांता हॉस्पिटल इन्दौर गए. मेदांता सोसायटी के सहयोग से एचएलए टाईपिंग मेचिंग होने वाले थेलेसमिया मरीजो को नि:शुल्क बोन मेरो ट्रांसप्लांट किया जाएगा, (जिसका शुल्क लगभग 35 लाख से 50 लाख रूपये अनुमानित होता है) जो नि:शुल्क होता है. 11 बच्चों को यह ईलाज और जांच सुविधा निशुल्क मिलेगी.

मानसिक दिव्यागजनों हेतु शिविर आज

नवभारत न्यूज, राजगढ़ 24 फरवरी, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा मानसिक दिव्यागजनों हेतु जिला स्तरीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन आज 25 फरवरी को प्रात: 10 बजे से जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र जिला चिकित्सालय परिसर राजगढ़ में किया जाएगा. शिविर में मानसिक दिव्यांगजनों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं दिव्यांग प्रमाण पत्र (यूडीआईडी काडी) बनाए जाएंगे, मानसिक दिव्यांगजनो को आवश्यक दस्तावेज जैसे - आधार कार्ड, समग्र आई डी, 2 पासपोर्ट साइज फोटों के साथ लाना है. उक्त विशेष शिविर में मानसिक दिव्यांगजनों को जिला स्तर पर ही दिव्यांग प्रमाण पत्र (यूडीआईडी काडी) जारी करवाए जा सके. साथ ही शिविर में अधिक से अधिक मानसिक दिव्यांगजन उपस्थित होकर लाभ प्राप्त करें और कोई भी पात्र हितग्राही लाभ से वंचित न रहे. उक्त विशेष शिविर का आयोजन केवल मानसिक दिव्यागजनों हेतु ही किया जा रहा है. अत: शिविर में केवल मानसिक दिव्यांगजन ही उपस्थित हो अन्य दिव्यांगजन न आए जिससे उनको अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े.

कोटा-इंदौर ट्रेन की चपेट में आए युवक की मौत

रेलवे ट्रैक पर मिली लाश, शराब का आदि था

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 24 फरवरी, सं. पाड़ल्या माताजी रोड़ पर स्तिथ हनुमान मंदिर के पास रेलवे लाइन पर मंगलवार शाम 5.30 बजे एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इंदौर से कोटा जा रही इंटरसिटी ट्रेन के सामने युवक अचानक आ गया. ट्रेन की गति अधिक होने के कारण लोको पायलट ब्रेक नहीं लगा सका,जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई. पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान भेरू दरवाजा वार्ड क्रमांक 10 निवासी अशोक पिता मांगीलाल पुष्पद के रूप में हुई है. प्रारंभिक जांच में पता चला है कि युवक शराब के नशे में था. पुलिस ये जांच कर रही है कि युवक रेलवे ट्रैक पर कैसे पहुंचा. घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया. पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर पंचनामा तैयार किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल भेजा. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच मे लिया है परिजनों ने बताया कि मृतक बेरोजगार था और शराब की लत से परेशान रहता था. उसका बड़ा भाई पानी-पूरी का ठेला लगाकर परिवार का भरण-पोषण करता है. पुलिस का कहना है कि प्रत्यक्षदर्शियों और परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं. जांच पूरी होने के बाद ही हादसे के वास्तविक कारणों का स्पष्ट खुलासा हो पाएगा.

पिकअप की टक्कर में युवक घायल

नवभारत न्यूज, खिलचीपुर 24 फरवरी, सं. सोमवार रात करीब 10 बजे एक सड़क हादसा हुआ. बस स्टैंड के पास एक अज्ञात पिकअप वाहन ने बाइक सवार 24 वर्षीय धनश्याम सौंधिया को टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. इस हादसे में घनश्याम की नाक की हड्डी टूट गई और उसके चेहरे पर गहरी चोटें आईं. घटनास्थल पर काफी खून बह गया, जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई. इसी दौरान वहां से गुजर रहे एडवोकेट नासिर खान ने घायल युवक को देखा. उन्होंने तुरंत अपनी कार से धनश्याम को खिलचीपुर अस्पताल पहुंचाया और उसे भर्ती कराया. अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने घनश्याम की गंभीर हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया. सूचना मिलने पर परिजन उसे राजस्थान के झालावाड़ ले गए.

सुठालिया नपाध्यक्ष, लेखापाल को कारण बताओ नोटिस

ग्राम पंचायत पिपल्हेयडा सरपंच, सचिव को नोटिस

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 24 फरवरी, का. संवाद से समाधान में नगरीय विकास एवं आवास विभाग से संबंधित 5 शिकायतों की समीक्षा की गई है कलेक्टर डॉ. मिश्रा स्वयं प्रत्येक शिकायत को व्यक्तिगत रूप से सुन कर मौके पर ही उसका समाधान सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया. कार्यक्रम में शिकायतकर्ता सचिन मेवाड़े द्वारा बताया गया कि फलोदी कालोनी वार्ड 15 नगर पालिका राजगढ़ में कालोनी में पानी की पाईप लाईन नहीं हैं. जिससे रहवासियों को पानी की काफी समस्यार हो रही हैं. कलेक्टर ने शिकायत की जांच करने पर सीएमओ राजगढ़ द्वारा बताया गया कि पानी के लिए नई लाईन डाली जा रही है. टेण्डार प्रक्रिया पूर्ण हो गई है, शीघ्र ही कार्य प्रारंभ किया जाएगा. साथ ही शिकायत को लंबे समय से लंबित रखने पर सीएमओ राजगढ़ व सब इंजिनियर राजगढ़ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए. कलेक्टर ने निर्देशित किया कि निकायों में अवैध नल कनेक्शन का सर्वे कर सात दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुनत करें.

समय पर नहीं भुगतान

शिकायतकर्ता अजय बैरागी द्वारा बताया गया कि ए.बी. सेल्स् कार्पोरेशन भोपाल द्वारा नगर परिषद सुठालिया द्वारा में द्वारा स्कोई लिफ्ट फेब्रिकेशन का कार्य 2024 किया गया था. जिसका भुगतान 10 लाख 48 हजार रूपये आज तक नहीं किया गया हैं. शिकायत की जांच उपरांत कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने अध्यक्ष सुठालिया व लेखापाल को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए.

पीएम आवास के लिए भटक रहे हितग्राही, जांच के निर्देश

नवभारत न्यूज

खिलचीपुर 24 फरवरी, सं. जिला कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार को आए शिकायतकर्ता जावेद कुरैशी ने आवेदन देते हुए बताया गया कि वार्ड क्रमांक 2 नगर पालिका खिलचीपुर में उन्हें अभी तक प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला है. कई बार मामले में आवेदन किए लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है. जिससे आवेदक को काफी समस्यां हो रही हैं. जिला कलेक्टर ने नगर पालिका खिलचीपुर के 40 प्रधानमंत्री आवासों का दो सप्ताह में जांच दल द्वारा सत्यापन करने के निर्देश दिए है.

मृतक की पत्नि बोली अभी नहीं मिला न्याय

रेडक्रॉस से सहायता राशि का चैक देने पहुंचे तहसीलदार

नवभारत न्यूज

पडाना 24 फरवरी, सं. गरीब दलित युवक कमल मरमट के साथ हुई मारपीट के बाद इलाज के चलते मौत हो गई थी. जिससे चलते सामाजिक संगठन ने प्रशासन के प्रति आक्रोश जाहिर किया था. 13 सूत्रिय मांगो को लेकर ज्ञापन सौपा गया था. जिसके चलते पीडित परिवार को अंत्योष्टी राशि स्वीकृत किया गया. मंगलवार शाम को कलेक्टर के निर्देश अनुसार रेडक्रॉस सोसाइटी से मिली आर्थिक सहायता 50 हजार रू का चैक लेकर आकाश शर्मा तहसीलदार सहित पटवारी व अन्य लोग के समक्ष मृतक परिवार को चेक सौंपा. कमल वर्मा की पत्नी ने कहा है कि मुझे न्याय मिलना चाहिए और आरोपी का अवैध घर जमीदोज होना चाहिए. ऐसा नहीं होने पर सारंगपुर एसडीएम कार्यालय पर नाबालिक बच्चों के आमरण अनशन धरना दूंगी.

नलजल योजना की लाईन फूटी, किसान परेशान

नवभारत न्यूज, ब्यावरा 24 फरवरी, का. कलेक्टर कार्यालय में आवेदन लेकर पहुंचे शिकायतकर्ता निर्मल नागर द्वारा बताया गया कि ग्राम पिपल्होडा में नल जल योजना के तहत पाईपलाईन फूट गई हैं. मेरे मकान के आसपास पानी भर गया है, जिससे आवेदक को काफी समस्या हो रही हैं. शिकायत की जांच में पता चला की पाईपलाईन नगर पालिका ब्यावरा की है. जिसका रिपेयरिंग के लिए कार्य प्रारंभ कर दिया गया हैं. साथ ही कलेक्टीर ने ग्राम पंचायत पिपल्हेनडा सरपंच व सचिव को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए.

भाजयुमो ने कांग्रेस कार्यालय को घेरा

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला जलाया

नवभारत न्यूज

सारंगपुर 24 फरवरी, सं. नई दिल्ली में आयोजित एआई समिट के दौरान कांग्रेस की युवा इकाई द्वारा शर्ट उतारकर हंगामा करने वाले मामले में स्थानीय भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला दहन करते हुए कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया. इस दौरान विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल, जिलामंत्री मनोहर परमार, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, युमो मंडल अध्यक्ष राहुल पुष्पद, पड़ाना अध्यक्ष श्याम राजपूत, राकेश, राहुल इंदौरे, मोहित हाड़ा, लखन पुष्पद, इशांत मंगल, रवि सिसोदिया, संतोष धनगर, कुलदीप टेटवाल आदि मौजूद रहे.



खेड़ापति हनुमान मंदिर की दानपेटी ले उड़े बदमाश

मंदिरों पर बदमाशों की नजर

नवभारत न्यूज

पड़ाना 24 फरवरी, सं. नगर के जाटव मोहल्ला स्थित प्रसिद्ध खेड़ापति बालाजी सरकार हनुमान मंदिर में सोमवार मंगलवार की रात में चोरी हो गई चोरों ने सामने की दीवार फांदकर दान पेटी चुरा ले गए पुजारी को सुबह घटना का पता चला स्थानी लोगों में रोष व्याप्त है. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की जाटव मोहल्ला स्थित प्रसिद्ध खेड़ापति बालाजी सरकार श्री हनुमान मंदिर में सोमवार मंगलवार की रात चोरी हो गई चोरों ने मंदिर की दीवार फांदकर मंदिर में प्रवेश किया और मंदिर परिसर में रखी दान पेटी चुराकर फरार हो गए.

घटना के बाद श्रद्धालुओं में रोष है. मंगलवार सुबह जब पुजारी पूजा अर्चना के लिए मंदिर पहुंचे तो बरामदे में रखी दान पेटी गायब मिली. इसके बाद मंदिर समिति और स्थानीय लोगों को सूचित किया गया. मंदिर प्रबंधन के अनुसार दान पेटी थोड़े दिन पहले ही खोली थी. ऐसे में उसमें कितनी राशि थी का सटीक अनुमान नहीं लगाया जा सका. दान पेटी स्टील की बनी हुई करीब 18 किलो वजनी की है. जिसकी कीमत करीब 6 से 7 हजार रुपए है उसमें पर्याप्त नगदी हो सकती है.

सोमवार की रात शयन आरती के समय दान पेटी मंदिर प्रांगण में ही रखी थी लोगों का कहना है कि मंदिर परिसर में रात के समय सुरक्षा नहीं रहती है इसके साथ ही आगे के दोनों हिस्सों में खुली हुई जगह है जाली नहीं लगी हुई है यहीं कारण है कि चोर आसानी से मंदिर परिसर बरामदे में रखी दान पेटी दीवार फांदकर वारदात को अंजाम दिया घटना की सूचना मिलते ही पड़ाना पुलिस चौकी प्रभारी भंवर सिंह भूरिया पुलिस के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तथा पुजारी सहित मंदिर प्रबंधन से पूरी जानकारी ली मंदिर समिति के व्यवस्थापक पंडित मनोज शर्मा हलवाई के द्वारा अन्य सदस्य साथियों के साथ पहुंचकर मौखिक रूप से सारंगपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई है पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है सारंगपुर थाना प्रभारी आकांक्षा हाडा ने भरोसा दिलाया है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी की जाएगी पड़ाना चौकी पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर मुआयना किया. वहीं इसी मंदिर से थोड़ी दूर स्थित प्राचीन शिवालय के पास से अज्ञात चोर चंदन का पेड़ काट ले गए. वहीं एक और व्यक्ति के मकान में ताले को काटने की घटना की जानकारी प्राप्त हुई हालांकि दोनों ही मामले में कोई आवेदन पुलिस चौकी नहीं दिया गया.

खेती | **दूसरे दिन मोहनपुरा कृषि धाम पर कृषि विज्ञान मेला आयोजित, दूसरे दिन मेले में**

बनारस, इंदौर और जबलपुर के कृषि वैज्ञानिक पहुंचे

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 24 फरवरी, का. कृषि धाम मोहनपुरा में 23 फरवरी से 25 फरवरी तक आयोजित तीन दिवसीय कृषि सम्मेलन, कृषि प्रदर्शनी एवं एनएमईओ अंतर्गत तिलहन मेला सह प्रदर्शनी का शुभारंभ कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा किया गया. कार्यक्रम में भोपाल, बनारस, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर एवं खंडवा से आए कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी दी. तिलहन मेले में कोरोमंडल अंतराष्ट्रीय लिमिटेड के एग्रोनॉमिस्ट भास्कर तिवारी (ब्यावरा-राजगढ़) सहित विभिन्न कृषि विशेषज्ञों ने भाग लेकर किसानों को उर्वरक प्रबंधन, कीट नियंत्रण एवं उन्नत बीज चयन के बारे में मार्गदर्शन दिया.

किसान सम्मेलन के दौरान किसानों ने अपनी फसलों से जुड़ी समस्याएँ रखीं, जिनका वैज्ञानिकों ने समाधान बताया प्याज एवं लहसुन पीली पड़ना नाइट्रोजन, सल्फर या जिंक की कमी, जलभराव एवं थ्रिप्स कीट के कारण पत्तियाँ पीली होती हैं. संतुलित उर्वरक एवं जल निकासी आवश्यक है. मसूर में उखटा रोग - फफूंद जनित रोग से बचाव हेतु बीजोपचार (ट्राइकोडर्मा/कार्बेन्डाजिम), फसल चक्र एवं रोगग्रस्त पौधों को हटाने की सलाह दी गई. लहसुन में बकडिया रोग अधिक नमी से रोग बढ़ता है. प्रमाणित बीज, जल निकासी एवं फफूंदनाशी का उपयोग लाभकारी बताया गया. चना एवं मसूर में फूल-फल गिरना तापमान असंतुलन, नमी की कमी एवं सूक्ष्म पोषक तत्वों की कमी इसके कारण हैं. संतुलित पोषण व हल्की सिंचाई की सलाह दी गई. सोयाबीन में कीट प्रकोप तना मक्खी, गर्डल बीटल आदि से बचाव हेतु समय पर कीटनाशक छिड़काव एवं फेरोमोन ट्रैप लगाने की सलाह दी गई.

किसानों ने भी अपने अनुभव साझा किए

सारंगपुर विकासखंड के चाटकिया ग्राम के किसान रामचरण नागर ने बताया कि नीम का तेल फसलों में उपयोग करने से कीट नियंत्रण में अच्छे परिणाम मिलते हैं. विशेषज्ञों ने भी नीम आधारित जैविक कीटनाशकों को उपयोगी बताया. कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को यूरिया का अत्यधिक उपयोग कम करने, संतुलित उर्वरक प्रबंधन अपनाने एवं मृदा परीक्षण के आधार पर खाद उपयोग की सलाह दी. वेटरनरी कॉलेज मऊ के प्रोफेसर मोहब्बत सिंह जमरा ने बकरी पालन को आय का सशक्त साधन बताते हुए नस्ल चयन, टीकाकरण, संतुलित आहार एवं रोग नियंत्रण पर विस्तृत जानकारी दी. कपास की खेती को लेकर किसानों को उन्नत बीज, एकीकृत कीट प्रबंधन एवं उत्पादन बढ़ाने की तकनीकों से अवगत कराया गया. सम्मेलन के दूसरे दिन निमाड़ (खंडवा) से आए कलाकारों ने प्रसिद्ध गणगौर नृत्य की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को सांस्कृतिक रंग प्रदान किया. उप संचालक किसान कल्या ण एवं कृषि विकास विभाग सचिन जैन ने बताया कि तीन दिवसीय कृषि सम्मेलन एवं प्रदर्शनी का उद्देश्य किसानों को नवीन तकनीक, योजनाओं एवं वैज्ञानिक पद्धतियों से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि सुनिश्चित करना है. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लेकर कृषि वैज्ञानिकों से सीधे संवाद कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया.